अजीत समाचार 06/04/2024

आंखों के रखरखाब संबंधी जानकारी देते हुए डॉ. रीना लांबा।

जीएमएन कालेज में नेत्र जांच शिविर आयोजित

अम्बाला कैंट, 5 अप्रैल (अग्रवाल): गांधी मैमोरियल नेशनल कालेज अम्बाला छावनी के प्रांगण में प्रधानाचार्य डॉ. रोहित दत्त की अध्यक्षता तथा एनसीसी एनएसएस तथा वाईआरसी सैल के नेतृत्व में, कपिल वोहरा नेत्र हस्पताल के साथ एक दिवसीय विद्यार्थी, शिक्षणगण तथा गैर शिक्षक सदस्यों के लिये निशुल्क नेत्र जांच का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आरंभ डॉ. रीना लांबा द्वारा ज्ञानवर्धक वक्तव्य द्वारा कीया गया। उन्होंने बताया कि आज की जीवन शैली में व्यक्ति का अधिकतर समय स्क्रीन पर गुजर रहा है। जिसकी वजह से नेत्र संबंधी अनेक रोग हो रहे है। उन्होंने छात्रों को समय-समय पर अपने नेत्रों की जांच करवाने ले लिये अधिक जागरूक रहने के लिये कहा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सीमा कंसल ने की। इस अवसर पर एएनओ डॉ. नैन (बाय्स विंग्स), सीटीओ डॉ. तृप्ति शर्मा (गर्ल्स विंग्स), वाईआरसी से डॉ. राकेश कुमार एनएसएस से डॉ. सरोज बाला, डॉ. अनीश तथा डॉ. धर्मवीर उपस्थित रहे। इस शिविर में डॉ. कपिल वोहरा व उनके स्टाफ सदस्यों द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान करते हुए 125 छात्र तथा 35 विद्यालय स्टाफ की आंखों की निशुल्क जांच की गई।